प्रीलिम्स फैक्ट्स : 30 मार्च, 2021

- [अर्थ ऑवर]

अर्थ ऑवर

Earth Hour

27 मार्च, 2021 को अर्थ ऑवर मनाया गया।

//

परिचय:

- इसे [वर्ल्डवाइड फंड फॉर नेचर] (WWF) द्वारा वार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम का आयोजन पहली बार वर्ष 2007 में सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) में किया गया था।
- इसका आयोजन **मार्च महीने के अंतिम शनिवार** को किया जाता है।
- इस कार्यक्रम के तहत 180 से अधिक देशों के लोगों को उनके स्थानीय समय के अनुसार **रात 8.30 से रात 9.30 बजे तक लाइट्स ऑफ करने के लिये** प्रोत्साहित किया जाता है।

उद्देश्य:

- इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य लोगों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा ऊर्जा संरक्षण के लिये **गैर-ज़रूरी प्रकाश के उपयोग से बचने के लिये प्रोत्साहित** करना है।

प्रभाव:

- अर्थ ऑवर **सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव के लिये एक उत्प्रेरक** बन गया है, जो लोगों की शक्ति और सामूहिक कार्रवाई का उपयोग करते हुए प्रमुख विधायी परिवर्तन ला रहा है।
- **उदाहरण के लिये** इसने निम्नलिखित कार्यों में मदद की है:
    - **अर्जेंटीना में 3.5 मिलियन हेक्टेयर समुद्री-संरक्षित क्षेत्र** के निर्माण में।

- वर्ष 2014 में गैलापागोस में सभी तरह के प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने में।
- कज़ाखस्तान में 17 मिलियन वृक्ष लगाने में।
- भारत और फिलीपींस में सौर ऊर्जा के साथ घरों को रोशन करने में।
- रूस में समुद्रों और जंगलों के संरक्षण के लिये नए कानून को लागू करने में।

वर्ल्डवाइड फंड फॉर नेचर

परिचय:

- यह **विश्व का एक अग्रणी संरक्षण संगठन** है और 100 से अधिक देशों में काम करता है।

स्थापना:

- इसकी स्थापना **वर्ष 1961** में की गई थी।

मुख्यालय:

- इसका मुख्यालय **ग्लैंड स्विट्ज़रलैंड** में है।

मिशन:

- प्रकृति का संरक्षण करना और पृथ्वी की जैव-विविधता पर सबसे अधिक दबाव डालने वाले खतरों को कम करना।
- **WWF की अन्य प्रमुख पहलें:**
- **TX2 लक्ष्य (TX2 Goal)**
- **ट्रैफिक (TRAFFIC)**
- **लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट (Living Planet Report)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-30-march-2021